# अपने परिणामों को समझना



यह ब्रोशर आपको फेफड़ों के कैंसर की जांच के परिणामों को समझने में मदद करने के लिए जानकारी प्रदान करता है।

नेशनल कैंसर स्क्रीनिंग रजिस्टर (NCSR) और आपके स्वास्थ्य सेवा प्रदाता आपको बताएंगे कि आपको आगे क्या करना है। यह दो साल में फिर से कम-डोज़ वाला कंप्यूटेड टोमोग्राफी (सीटी) स्कैन करवाने या निष्कर्षों पर चर्चा करने के लिए अपने स्वास्थ्य सेवा प्रदाता से मिलने के लिए हो सकता है।

## फेफड़ों के कैंसर की जांच से क्या पता चलता है?

फेफड़ों के कैंसर की जांच में नोड्यूल्स नामक किन्हीं छोटी गांठों का पता लगाने के लिए कम डोज़ वाले सीटी स्कैन का उपयोग किया जाता है। नोड्यूल्स फेफड़ों में ऊतक की छोटी गांठें होती हैं। वे बहुत आम हैं और अधिकांश नोड्यूल फेफड़ों के कैंसर नहीं होते हैं।

आपके अगले चरण आपके किसी भी नोड्यूल के आकार और रूप के आधार पर निर्देशित होते हैं। किसी क्षेत्र को और ध्यान से देखने के लिए आपको और परीक्षणों की आवश्यकता हो सकती है। फेफड़ों के नोड्यूल होने या आगे के परीक्षणों की आवश्यकता होने का मतलब यह नहीं है कि आपको फेफड़ों का कैंसर है।

स्कैन से फेफड़ों में या फेफड़ों के बाहर अन्य परिणाम मिल सकते हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि आपको कैंसर है, लेकिन इसके बारे में अपने स्वास्थ्य सेवा प्रदाता से चर्चा की जानी चाहिए।

### अगले चरणों में शामिल हो सकते हैं:

- समय के साथ नोड्यूल में बदलाव होता है या नहीं, यह देखने के लिए 3, 6 या 12 महीनों में फॉलो-अप लो-डोज़ सीटी स्कैन करवाना।
- आगे के परीक्षणों के लिए श्वसन चिकित्सक के पास भेजा जाना।
- NCSR फेफड़ों के कैंसर की जांच में आपकी सहायता करेगा। वे आपके स्वास्थ्य सेवा प्रदाता से मिलने या आपका अगला स्कैन कब करवाना है, इसके लिए रिमाइंडर भेजेगा।
- आपकी स्क्रीनिंग हिस्ट्री (जांच से जुड़ा इतिहास) NCSR में संग्रहीत किया जाएगा।
- यदि आपको कोई गंभीर परिणाम नहीं मिलता है तो NCSR आपको 2 साल में पुनः स्क्रीनिंग करवाने की याद दिलाएगा।

Australian Government | NATIONAL LUNG CANCER SCREENING PROGRAM

# मेरे परिणाम का क्या मतलब है और आगे क्या होगा?


| स्क्रीनिंग के परिणाम | अगले चरण |
|---|---|
| **अधूरा**<br>तकनीकी कारणों से स्कैन की रिपोर्ट नहीं की जा सकी तथा इसे दोबारा करने की आवश्यकता है। | • NCSR या आपके स्वास्थ्य सेवा प्रदाता से रिमाइंडर मिलने पर आपको फिर से स्क्रीनिंग (जांच) करवानी होगी। |
| **बहुत कम जोखिम**<br>आपके स्कैन से कोई चिंताजनक निष्कर्ष नहीं निकला। आयु बढ़ने के साथ होने वाले परिवर्तनों की जांच के लिए हर दो साल में नियमित जांच होना महत्वपूर्ण है। | • आपको बताया जाएगा कि कोई महत्वपूर्ण निष्कर्ष नहीं निकला है और आपको दो साल बाद पुनः जांच करानी होगी।<br>• जब **2 वर्षों में** पुनः स्क्रीनिंग का समय आएगा तो आपको NCSR और/या आपके स्वास्थ्य सेवा प्रदाता से एक रिमाइंडर मिलेगा।<br>• आपको अपनी उपयुक्तता जांच के लिए 2 साल में अपने स्वास्थ्य सेवा प्रदाता के पास वापस जाना होगा और कम डोज़ वाले सीटी स्कैन के लिए अनुरोध लेना होगा। धूम्रपान के इतिहास (स्मोकिंग हिस्ट्री) का फिर से मूल्यांकन करने की आवश्यकता नहीं होगी। |
| **कम जोखिम**<br>आपके स्कैन में एक गांठ पाई गई है, लेकिन आपको फेफड़े के कैंसर की संभावना कम है। आपको 12 महीने के बाद एक और स्कैन कराना होगा। | • NCSR आपको आपके परिणाम नहीं देगा, लेकिन आपको अपने परिणामों के बारे में अपने स्वास्थ्य सेवा प्रदाता से बात करने के लिए प्रोत्साहित करेगा।<br>• NCSR आपको **12 महीने में** पुनः स्क्रीनिंग का समय याद दिलाएगा।<br>• जब आपको अपना रिमाइंडर मिल जाता है, तो आपको अपनी उपयुक्तता जांच के लिए अपने स्वास्थ्य सेवा प्रदाता के पास दोबारा जाना होगा और कम डोज़ वाले सीटी स्कैन के लिए अनुरोध लेना होगा। |
| **कम से मध्यम जोखिम या मध्यम जोखिम**<br>आपके स्कैन पर एक नोड्यूल या कई नोड्यूल पाए गए हैं जिन पर अधिक बार नजर रखने की आवश्यकता है। आपके निष्कर्षों के आधार पर आपको 3 या 6 महीने के समय में एक और स्कैन करवाना होगा। | • NCSR आपको आपके परिणाम नहीं देगा, लेकिन आपको अपने परिणामों के बारे में अपने स्वास्थ्य सेवा प्रदाता से बात करने के लिए प्रोत्साहित करेगा।<br>• NCSR आपको याद दिलाएगा कि **3 या 6 महीनों में** फिर से स्क्रीन करने का समय कब होगा। आपको अपनी उपयुक्तता जांच के लिए अपने स्वास्थ्य सेवा प्रदाता के पास दोबारा जाना होगा और कम डोज़ वाले सीटी स्कैन के लिए अनुरोध लेना होगा। |
| **अधिक या बहुत अधिक जोखिम**<br>एक या एक से अधिक नोड्यूल पाए गए हैं जिनकी और जांच किए जाने की आवश्यकता है। इसका मतलब यह नहीं है कि आपको कैंसर है। फेफड़ों के कैंसर का खतरा अधिक होता है, इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि आप सभी फॉलो-अप (अगली कार्यवाहियों) में शामिल हों। | • NSCR आपको अपने परिणामों के बारे में अपने स्वास्थ्य सेवा प्रदाता से बात करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। स्वास्थ्य सेवा प्रदाता रेडियोलॉजी रिपोर्ट की समीक्षा करेंगे और आगे की जांच के लिए आपको किसी विशेषज्ञ के पास भेजेंगे। |
| **कार्रवाई योग्य अतिरिक्त निष्कर्ष जो फेफड़ों के कैंसर से संबंधित नहीं हैं**<br>स्कैन में फेफड़ों के अलावा शरीर के अन्य हिस्सों को देखा जा सकता है, जिसमें गर्दन, छाती और पेट के ऊपरी हिस्से शामिल हैं। कभी-कभी यह फेफड़ों में (कैंसर के अलावा कुछ और, जैसे वातस्फीति [emphysema]) या फेफड़ों के बाहर (हृदय रोग जैसी कोई चीज) लक्षण दिखा सकता है। NCSR आपको अगले चरणों पर चर्चा करने के लिए अपने स्वास्थ्य सेवा प्रदाता से मिलने के लिए प्रोत्साहित करेगा। | • आपका स्वास्थ्य सेवा प्रदाता आपसे आगे के परीक्षणों और अगले चरणों की आवश्यकता के बारे में बात करेगा। अतिरिक्त निष्कर्ष का अर्थ यह नहीं है कि आप फेफड़े के कैंसर की जांच कार्यक्रम में को जारी नहीं रख सकते हैं। |

# मैं सहायता के लिए किससे बात कर सकता/सकती हूँ ?

कैंसर स्क्रीनिंग प्रोग्राम में भाग लेते समय चिंतित होना सामान्य बात है। स्कैन के लिए इंतजार करना और परिणाम प्राप्त करने तक का समय चिंता भरा हो सकता है। अपनी किसी भी चिंता के बारे में कृपया अपने स्वास्थ्य सेवा प्रदाता से बात करें।

**हर दो साल में** फेफड़ों के कैंसर की जांच करवाना **(या जैसा कि आपके स्वास्थ्य सेवा प्रदाता द्वारा सुझाया गया है)** फेफड़ों के कैंसर का जल्द पता लगाने का सबसे अच्छा तरीका है, जब इसका इलाज अधिक आसान होता है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| **वेबसाइट्स** | **मानसिक स्वास्थ्य सहायता:** www.medicarementalhealth.gov.au<br>**एबोरिजिनल और टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर लोगों के लिए सहायता सेवा:** www.13yarn.org.au<br>**क्विटलाइन** (Quitline) www.quit.org.au | | |
| **संकटकालीन हॉटलाइन (सेवाएँ)** | **बियॉन्ड ब्लू** (Beyond Blue) 1300 224 636 | **लाइफलाइन** (Lifeline) 13 11 14 | 13YARN 13 92 76 |
| **अन्य सामुदायिक सहयोग** | **कैंसर काउंसिल** (Cancer Council) **का सहयोग** 13 11 20 | | **क्विटलाइन** (Quitline) 13 78 48 |
| | **लंग फाउंडेशन ऑस्ट्रेलिया** (Lung Foundation Australia) 1800 654 301 | | **हेड टू हेल्थ** (Head to Health) 1800 595 212 |
| | अधिक सहायता सेवाएं यहां पाई जा सकती हैं: www.health.nsw.gov.au/mentalhealth/services/Pages/support-contact-list.aspx | | |



## अगर मुझे लक्षण अनुभव हो रहे हैं तो क्या होगा?

स्क्रीनिंग उन लोगों के लिए उपयुक्त नहीं है जिनमें निरंतर रूप से अस्पष्टीकृत लक्षण हों, जिनमें नीचे दिए गए लक्षण भी शामिल हैं। इन लोगों को अलग-अलग परीक्षणों की आवश्यकता है।

यदि आपको इनमें से कोई भी लक्षण है, भले ही आपका अंतिम स्क्रीनिंग परीक्षण बहुत कम जोखिम वाला था या आप स्कैन के बीच में हैं, तो कृपया तुरंत अपने स्वास्थ्य सेवा प्रदाता से बात करें।

- **नए प्रकार की या अलग तरह की खांसी**
- **खांसी में खून आना**
- **बिना किसी कारण के सांस फूलना**
- **बहुत थकान होना**
- **अव्याख्यायित वजन घटाना**
- **छाती या कंधे का दर्द जो ठीक नहीं होता**

**नेशनल लंग कैंसर स्क्रीनिंग प्रोग्राम के बारे में और अधिक जानकारी के लिए:**
www.health.gov.au/nlcsp

Quitline 13 7848

**धूम्रपान छोड़ने में मदद के लिए:**
www.quit.org.au

DT0004838_0625